प्रेषक,

हरी राम,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0,
लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक 22 मार्च, 2018

विषय- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की 61वीं इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनांक 20.11.2012 में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद बरेली के विकास खण्ड-फतेहगंज, ब्रिथीचेनपुर, नवाबगंज, रिछा/दमखोड़ा तथा भोजीपुरा में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण हेतु केन्द्रांश की **द्वितीय किश्त** एवं उसके सापेक्ष बनने वाला राज्यांश अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-3/19(15)/2012-पी0पी0, दिनांक 20.09.2013 के क्रम में जारी शासन के पत्र संख्या-जी0आई0-36/52-1-2014-01(113)/13, दिनांक 04 मार्च, 2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे उक्त योजना के निर्माण के लिए **कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, लखनऊ** को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए केन्द्रांश एवं उसके सापेक्ष बनने वाले राज्यांश की प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त की गयी थी।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-3/19(15)/2012-पी0पी0-1, दिनांक 28.02.2017 से उक्त योजनाओं हेतु कुल अनुमोदित केन्द्रांश रू0 719.45 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में प्राप्त केन्द्रांश रू0 359.72 लाख (रू0 तीन करोड़ उन्सठ लाख बहत्तर हजार मात्र) एवं उसके सापेक्ष बनने वाला राज्यांश रू0 119.90 लाख (रू0 एक करोड उन्नीस लाख नब्बे हजार मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू0 479.62 लाख (रूपये चार करोड़ उन्यासी लाख बासठ हजार मात्र) योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्राविधानित बजट रू0 5000.00 लाख के सापेक्ष उपलब्ध बजट एवं सम्बन्धित मद में लेखाशीर्षक-4235-02-800-01-0105, 0106, 0118, 0103, 0107, 0108, 0112 एवं 0116-24-वृहद निर्माण कार्य में प्राविधानित धनराशि से संलग्न प्रपत्र बी0एम0-9 के अनुसार (बी0एम0-9 प्रपत्र क्रमशः 815 से 822, दिनांक 19.03.2018) पुनर्विनियोग द्वारा व्यवस्थित धनराशि रू0 **3362.335** लाख में से अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की राज्यपाल महोदय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

http://shasanadesh.up.nic.in

(के0-75/रा0-25) (रू0 लाख में)

क्र0	जनपद	योजना	इकाई	इकाई लागत	कुल अनुमोदित केन्द्रांश	कुल राज्यांश	पूर्व में अवमुक्त **प्रथम किश्त** (के+रा0)	वर्तमान में अवमुक्त **द्वितीय किश्त**		वर्तमान में अवमुक्त कुल धनराशि (के+रा0)
								केन्द्रांश	राज्यांश	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	**बरेली**	वि0ख0-**फतेहगंज** के तुस्सा पट्टी, में रा0इण्टर कालेज	01	247.50	185.63	61.87	123.75	92.81	30.94	123.75
	तदैव	वि0ख0 **फतेहगंज** में गांधी इण्टर कालेज, शाही में कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब एवं अति0 कक्षा-कक्ष	01	34.01	25.51	8.50	17.01	12.75	4.25	17.00
3	तदैव	वि0ख0 **फतेहगंज** में गांधी इण्टर कालेज, शाही में टायलेट ब्लाक	01	0.35	0.25	0.10	0.18	0.12	0.05	0.17
4	तदैव	वि0ख0 **बिथ्रीचैनपुर** के ऊरलाजागीर में रा0 बालिका इण्टर कालेज	01	247.50	185.63	61.87	123.75	92.81	30.94	123.75
5	तदैव	वि0ख0-**नवाबगंज**में आजाद नौरंग इण्टर कालेज, सैंथल में कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब एवं अति0 कक्षा-कक्ष	01	45.27	33.95	11.32	22.64	16.97	5.66	22.63
6	तदैव	वि0ख0 **नवाबगंज** में आजाद नौरंग इण्टर कालेज, सैंथल में टायलेट ब्लाक	01	0.35	0.25	0.10	0.18	0.12	0.05	0.17
7	तदैव	वि0ख0 **रिछा/दमखोड़ा** में राजकीय इण्टर कालेज	01	247.50	185.63	61.87	123.75	92.83	30.92	123.75
8	तदैव	वि0ख0 **रिछा/दमखोड़ा** में लाल बहादुर इण्टर कालेज, रिछा में कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब एवं अति0 कक्षा-कक्ष	01	45.27	33.95	11.32	22.64	16.97	5.66	22.63
9	तदैव	वि0ख0 **रिछा/दमखोड़ा** में लाल बहादुर इण्टर कालेज, रिछा में टायलेट ब्लाक	01	0.35	0.25	0.10	0.18	0.12	0.05	0.17
10	तदैव	वि0ख0 **भोजीपुरा** में पटेल इण्टर कालेज, धौरा में कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब एवं अति0 कक्षा-कक्ष	01	45.27	33.95	11.32	22.64	16.98	5.65	22.63

http://shasanadesh.up.nic.in

11	तदैव	वि0ख0 **भोजीपुरा** में पटेल इण्टर कालेज, धौरा में टायलेट ब्लाक	01	0.35	0.25	0.10	0.18	0.13	0.04	0.17
12	तदैव	वि0ख0 **भोजीपुरा** में शाहु ठाकुरदास इण्टर कालेज, धौरा में कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब एवं अति0 कक्षा-कक्ष	01	45.27	33.95	11.32	22.64	16.98	5.65	22.63
13	तदैव	वि0ख0 **भोजीपुरा** में शाहु ठाकुरदास इण्टर कालेज, धौरा में टायलेट ब्लाक	01	0.35	0.25	0.10	0.18	0.13	0.04	0.17
		योग	**13**		**719.45**	**239.89**	**479.72**	**359.72**	**119.90**	**479.62**

3- अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

1- अवमुक्त धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। इसे सक्षम स्तर की स्वीकृति, यदि वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जायेगा। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- कार्य को अनुमोंदित लागत से 06 माह में गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार पूर्ण किया जायेगा। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 एवं कार्यदायी संस्था के निदेशक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के मध्य किये गये त्रिपक्षीय एम0ओ0यू0 (मेमोरेण्डम आफ अण्डर टेकिंग) की शर्तों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

3- योजना की गाइड लाइन्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि का आहरण कार्य की वास्तविक आवश्यकतानुसार होगा। निर्माण कार्य में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

4- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि प्राप्त नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

5- यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। यदि कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित शिड्यूल रेट एवं विशिष्टियों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत रा0 इण्टर/रा0 बालिका इण्टर कालेज, अति0 कक्षा-कक्ष, कम्प्यूटर लैब तथा शौचालय ब्लाक के निर्माण की डिजाइन वही होगी जो केन्द्र/राज्य सरकार के माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित है।

7- धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी

8- वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 03.08.2017 एवं दिनांक 26.08.2014 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

9- लेबर सेस की धनराशि नियमानुसार श्रम विभाग को भुगतान किया जायेगा।

10- कार्यदायी संस्था द्वारा अनुमोदित सीमा तक सेन्टेज चार्ज लिया जायेगा।

11- कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

12- अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

13- अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक् खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा।

14- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से हस्तान्तरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

15- उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में अवमुक्त धनराशि से कराये गये कार्यों की गुणवत्ता की पुष्टि जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा कर लिया जायेगा तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार थर्ड पार्टी का निरीक्षण भी सुनिश्चित कराया जाना जिलाधिकारी, कार्यदायी संस्था एवं सम्बन्धित विभाग का संयुक्त दायित्व होगा। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे शासन तथा निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण को सूचित किया जायेगा।

4- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्रीय आयोजनागत /केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-**0109-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत राजकीय हाई स्कूल एवं इण्टर कालेजों का भवन निर्माण/अतिरिक्त कक्षा-कक्षों/जर्जर भवनों का निर्माण (के0 60/रा0 40-के0+रा0)-24-वृहद निर्माण कार्य** के नामें डाला जायेगा।

http://shalaadesh.up.nic.in

5- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-8/2017/बी0-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03.08.2017 में प्रदत्त प्राविधानों के अनुसार जारी किया जा रहा है।

6- उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2(12)/(छ) के क्रम में भविष्य में कोई भी पुनरीक्षित आंगणन अनुमन्य नहीं होगा।

भवदीय,

(हरी राम)
उप सचिव।

संख्या-867(1)/बावन-1-2018-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5- प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को प्रश्नगत रा0 इण्टर/रा0 बालिका इण्टर कालेज, अति0 कक्षा-कक्ष, कम्प्यूटर लैब तथा शौचालय ब्लाक के निर्माण हेतु निर्धारित मानकों का अनुपालन करने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6- निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को प्रमुख सचिव महोदया के अवलोकनार्थ।
8- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।
9- निदेशक, **कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, लखनऊ** को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत रा0 इण्टर/रा0 बालिका इण्टर कालेज, अति0 कक्षा-कक्ष, कम्प्यूटर लैब तथा शौचालय ब्लाक के निर्माण हेतु समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
10- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11- जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बरेली।
12- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-11 को 01 प्रति।
13- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरीराम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in